# यशोदा मैया बधाई दे दे री | By Sahani Brothers

सुन यशोदा मैया बधाई देदे री
जनम लियो है आज कन्हाई बधाई देदे री

सुन्दर से कान्हा के ये नैना रे कजरारे
तिरछी चितवन वारो श्याम ये सबके मन को भाये
नन्द मेहलन में खुशियां ही खुशियां छाई री
जनम लियो है आज कन्हाई बधाई देदे री

नन्द गावं में लाला को सब सखियाँ देखन आयी
नज़र ना लागे कान्हा को काला टीका लगा री
नून राई वार तू नज़र उतार दे री
जनम लियो है आज कन्हाई बधाई देदे री

घुंघराले बालो वाला ये माँ यशोदा को लाला
सर पे मुकुट सजा के ये लागे बहुत ही प्यारा
झूमे नाचे साहनी बधाई दे दे री
जनम लियो है आज कन्हाई बधाई देदे री

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a4%b6%e0%a5%8b%e0%a4%a6%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-sahani-brothers/